Hindi

कक्षाएँ 1 और 2

Public education
Discover a world of opportunities

विज्ञान: घर पर सीखना

विज्ञान, गणित और रीडिंग (पढ़ना)

विज्ञान और अंक-ज्ञान

वस्तुओं का वर्णन करने और इनकी तुलना करने के लिए विज्ञान गणित का प्रयोग करता है। अपने बच्चों के साथ विज्ञान और गणित के बारे में बात करते समय निम्नलिखित में से कुछ शब्दों का प्रयोग करें:

अधिक या कम	चीज़ों के बारे में जानना और इनकी तुलना करना।
ऊँचा और नीचा, बड़ा और छोटा, भरा हुआ और खाली	मापन के बारे में जानना।
भारी और हल्का	भार के बारे में जानना।
ऊपर, नीचे और बगल में	स्थितियों के बारे में जानना।
शीर्ष पर, सबसे नीचे और किनारे पर	क्षेत्रों के बारे में जानना।
सीधा, घुमावदार और झुका हुआ	आकारों के बारे में जानना।
कितनी देर तक और कितने	संख्याओं के बारे में जानना।

विज्ञान एवं साक्षरता

विज्ञान आपके बच्चों को अपनी शब्दावली का विकास करने और अपनी रीडिंग (पढ़ने) और राइटिंग (लिखने) की योग्यताओं को बेहतर बनाने में मदद करता है।

अपने बच्चों से एक पेड़ का वर्णन करने के लिए कहें। उदाहरणत: उन्हें छाल, पत्ते, तने और शाखाओं का वर्णन करने के लिए कहें। प्रत्येक हिस्से के स्पर्श, इसकी गंध, रंग और आकार की चर्चा करें। अपने बच्चों को जितने संभव हो सकें उतने शब्दों का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें जैसे कि *चिकना, नुकीला, खुरदरा, ठंडा, गीला, चिपचिपा, लम्बा, छोटा और चौड़ा।*

अपने बच्चों को ऐसे विस्तृत वाक्यों का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें जो और अधिक सूचना प्रदान करें जैसे कि: *यह छाल नरम है क्योंकि यह गीली है।*

Department of
Education

आपको और अधिक जानकारी **education.wa.edu.au** पर होम सूचना-पत्रकों पर मिलेगी।

© Department of Education, Western Australia, 2015